भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
न्याय विभाग
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *313
जिसका उत्तर शुक्रवार, 21 मार्च, 2025 को दिया जाना है

**लोक अदालतों के लिए पात्र मामले**

***313. श्री जी. सेल्वम :**

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु में कितनी लोक अदालतें आयोजित की गई तथा इस अवधि के दौरान कुल कितने मामले निपटाए गए ;

(ख) देश भर के विभिन्न राज्यों में लोक अदालतों के माध्यम से समाधान के लिए पात्र कितने मामले लंबित हैं ;

(ग) क्या लोक अदालतें नियमित अदालतों पर बोझ कम करने में प्रभावी रही हैं तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;

(घ) क्या सरकार ने लंबित मामलों को कम करने में लोक अदालतों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया है तथा यदि हां, तो ऐसे मूल्यांकन के मुख्य निष्कर्ष क्या रहे हैं ;

(ङ) क्या सरकार का और अधिक श्रेणियों के मामलों पर कार्रवाई के लिए लोक अदालतों के अधिकारक्षेत्र का विस्तार करने की योजना है, यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(च) क्या सरकार का लोक अदालतों की दक्षता में सुधार करने तथा उनकी विश्वसनीयता बढाने के लिए किन्हीं सुधारों का प्रस्ताव है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**उत्तर**

**विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार);**
**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री अर्जुन राम मेघवाल)**

**(क) से (च) :** एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है ।

*********

**'लोक अदालतों के लिए पात्र मामले' के संबंध में पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *313 जिसका उत्तर तारीख 21.03.2025 को दिया जाना है, के भाग (क) से (च) के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण ।**

**(क) से (ग) :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (लोक अदालत) विनियम, 2009 के साथ पठित विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के उपबंधों के अनुसार देश भर में लोक अदालत का आयोजन उक्त अधिनियम के अधीन यथा विहित विषय-वस्तु और उक्त अधिनियम की धारा 2(1)(ककक) के अधीन यथा परिभाषित न्यायालयों के विनियमों के लिए किया जाता है। लोक अदालत में न्यायालय में या मुकदमे-पूर्व चरण में लंबित विवादों/मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा किया जाता है। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अधीन लोक अदालत को कानूनी दर्जा दिया गया है। लोक अदालत द्वारा दिया गया पंचाट सिविल न्यायालय की डिक्री माना जाता है और यह अंतिम होता है तथा सभी पक्षों पर बाध्यकारी होता है तथा इस डिक्री के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में अपील नहीं की जा सकती है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय लोक अदालतों, राज्य लोक अदालतों और स्थायी लोक अदालतों (लोक उपयोगिता सेवाएं) द्वारा आयोजित लोक अदालतों की संख्या, प्राप्त मामलों और निपटाए गए मामलों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार (तमिलनाडु सहित) और वर्ष-वार ब्यौरा क्रमशः **उपाबंध-क**, **उपाबंध-ख** और **उपाबंध-ग** पर दिया गया है।

लोक अदालतें समय-समय पर बड़ी संख्या में मामलों का निपटारा करके न्यायालयों के मामला भार को कम करती हैं। पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष (दिसंबर तक) के दौरान लोक अदालतों द्वारा निपटाए गए मामलों की संख्या का विवरण इस प्रकार है:

(i) राष्ट्रीय लोक अदालत

| वर्ष | टाए गए मुकदमे-पूर्व मामले | टाए गए लंबित मामले | ाए गए कुल मामले |
|---|---|---|---|
| 2022 | 3,10,15,215 | 1,09,10,795 | 4,19,26,010 |
| 2023 | 7,10,32,980 | 1,43,09,237 | 8,53,42,217 |
| 2024 | 8,70,19,059 | 1,75,07,060 | 10,45,26,119 |

(ii) राज्य लोक अदालत

| वर्ष | टाए गए मुकदमे-पूर्व मामले | टाए गए लंबित मामले | ए गए कुल मामले |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 94,939 | 7,56,370 | 8,51,309 |
| 2023-24 | 2,19,230 | 9,87,873 | 12,07,103 |
| 2024-25 | 7,68,560 | 4,39,667 | 12,08,227 |

(iii) स्थायी लोक अदालत (लोक उपयोगिता सेवाएं)

| वर्ष | निपटाए गए कुल मामले |
|---|---|
| 2022-23 | 1,71,138 |
| 2023-24 | 2,32,763 |
| 2024-25 | 1,61,277 |

**(घ) :** लोक अदालतों का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के तत्वावधान में किया जाता है और नालसा लगातार लोक अदालतों के कामकाज की निगरानी करता है। इसके अतिरिक्त, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों (एसएलएसए) को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (लोक अदालत) विनियम, 2009 के अधीन अधिक लोक अदालतों का आयोजन करने के लिए दिशा-निर्देश/निदेश जारी किए गए

हैं ताकि लंबित मामलों को कम किया जा सके। वर्तमान में लंबित मामलों को कम करने में लोक अदालतों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। हालांकि, विधिक सेवा प्राधिकरणों के प्रदर्शन की निगरानी के लिए नालसा सभी एसएलएसए से मासिक क्रियाकलाप रिपोर्ट प्राप्त करता है, जिसमें किसी विशेष महीने में किए गए सभी क्रियाकलापयों पर प्रकाश डाला जाता है। इसके पश्चात्, नालसा द्वारा मासिक आधार पर एक अंतिम क्रियाकलाप रिपोर्ट सरकार को भेजी जाती है, जिसकी समीक्षा की जाती है और उसे संकलित किया जाता है। मासिक क्रियाकलाप रिपोर्टों के अलावा, नालसा सभी एसएलएसए से वार्षिक रिपोर्ट भी प्राप्त करता है और अपनी वार्षिक रिपोर्ट तैयार करता है, जिसे संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखा जाता है। इसके अतिरिक्त्, विधिक सेवा प्राधिकरणों के प्रदर्शन की निगरानी के लिए नालसा द्वारा अखिल भारतीय और क्षेत्रीय बैठकें भी आयोजित की जाती हैं।

**(ङ) :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (लोक अदालत) विनियम, 2009 के विनियम 10 में लोक अदालतों को "मामलों और विषयों का निर्देश" का उपबंध किया गया है। वर्तमान में, इन विनियमों में संशोधन का कोई प्रस्ताव नहीं है।

**(च) :** लोक अदालतों की दक्षता और पहुंच में सुधार करने के लिए, कोविड के दौरान ई-लोक अदालत की अवधारणा बनाई गई थी, जिससे उन लोगों के लिए न्याय तक पहुंच में काफी सुधार हुआ जो अन्यथा लोक अदालतों में भाग लेने में असमर्थ थे। पहली ई-लोक अदालत 27.06.2020 को आयोजित की गई थी और तब से 28 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में ई-लोक अदालतें आयोजित की गई हैं, जिनमें 10.30 करोड़ मामले लिए गए, जिनमें से 1.15 करोड़ मामलों का निपटारा किया गया।

************

उपाबंध-क

**'लोक अदालतों के लिए पात्र मामले' के संबंध में पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *313 के भाग (क) से (ग), जिसका उत्तर तारीख 21-03-2025 को दिया जाना है, के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण ।**

**पिछले पांच वर्षों अर्थात् 2020, 2021, 2022, 2023 और 2024 के दौरान राष्ट्रीय लोक अदालतों में प्राप्त और निपटाए गए मामलों (मुकदमा-पूर्व और लंबित दोनों मामलों) की जानकारी वाला विवरण ।**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र प्राधिकरण का नाम | 2020 | | 2021 | | 2022 | | 2023 | | 2024 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्राप्त मामले | निपटाए गए मामले | प्राप्त मामले | निपटाए गए मामले | प्राप्त मामले | निपटाए गए मामले | प्राप्त मामले | निपटाए गए मामले | प्राप्त मामले | निपटाए गए मामले |
| 1 | अंदमान और निकोबार द्वीप समूह | 756 | 248 | 5844 | 3997 | 5555 | 3310 | 5933 | 1536 | 7594 | 2976 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 74182 | 37896 | 244508 | 122839 | 1026449 | 647956 | 982779 | 671612 | 497317 | 262449 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1108 | 104 | 5689 | 1054 | 7938 | 1071 | 6837 | 990 | 8028 | 1771 |
| 4 | असम | 158013 | 12188 | 341969 | 39642 | 707744 | 113989 | 963744 | 164445 | 1079328 | 179325 |
| 5 | बिहार | 645225 | 66451 | 1236850 | 151620 | 2594655 | 305483 | 2868992 | 357765 | 3183423 | 355600 |
| 6 | चंडीगढ़ | 10261 | 2569 | 40301 | 16833 | 77646 | 15569 | 96578 | 63764 | 59511 | 36743 |
| 7 | छत्तीसगढ | 259978 | 24464 | 355912 | 134548 | 1539971 | 1125318 | 2105736 | 1664237 | 5141101 | 4634630 |
| 8 | दादरा और नागर हवेली | 7524 | 1768 | 1443 | 172 | 4343 | 1323 | 8456 | 982 | 8228 | 724 |
| | दमण और दीव | 282 | 31 | 474 | 113 | 1959 | 215 | 43579 | 19650 | 23371 | 8234 |
| 9 | दिल्ली | 92182 | 83006 | 178033 | 154992 | 617852 | 535025 | 817332 | 671278 | 852367 | 665892 |
| 10 | गोवा | 3030 | 351 | 7863 | 1680 | 24461 | 3934 | 23018 | 3505 | 26816 | 4052 |
| 11 | गुजरात | 184934 | 41584 | 1466063 | 748722 | 2731581 | 1185571 | 3926438 | 1863177 | 4410203 | 2161033 |
| 12 | हरियाणा | 120660 | 30298 | 337011 | 123413 | 1100069 | 673487 | 1343620 | 985650 | 1834082 | 1376486 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 12449 | 5971 | 88428 | 35556 | 255681 | 111150 | 368230 | 150181 | 365995 | 182024 |
| 14 | जम्मू-कश्मीर | 21151 | 13258 | 212805 | 166544 | 459202 | 390496 | 530332 | 404665 | 727975 | 679992 |
| 15 | झारखंड | 127139 | 53152 | 394734 | 232473 | 1386756 | 1121405 | 3053483 | 2822947 | 5375328 | 5171277 |
| 16 | कर्नाटक | 652793 | 334681 | 2061134 | 1277856 | 5167842 | 3444607 | 17195581 | 14840452 | 15925526 | 14369064 |
| 17 | केरल | 86812 | 15010 | 182458 | 68681 | 395978 | 136101 | 285372 | 57726 | 311233 | 59020 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 0 | 1958 | 1463 | 1948 | 1444 | 2796 | 1781 | 3026 | 2150 |
| 19 | लक्षद्वीप | 22 | 8 | 30 | 7 | 318 | 129 | 107 | 41 | 183 | 42 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 1075359 | 108365 | 2081030 | 347333 | 3125248 | 419776 | 3489492 | 536105 | 3389490 | 499888 |
| 21 | महाराष्ट्र | 1578775 | 215837 | 9836163 | 2440375 | 34223486 | 4754239 | 27444014 | 3543736 | 58086210 | 4675264 |
| 22 | मणिपुर | 339 | 204 | 1144 | 794 | 1905 | 1343 | 636 | 437 | 1161 | 1003 |
| 23 | मेघालय | 2344 | 303 | 4299 | 852 | 5318 | 956 | 4277 | 680 | 4506 | 915 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | मिजोरम | 800 | 218 | 3991 | 790 | 13529 | 4432 | 10757 | 4087 | 6745 | 1230 |
| 25 | नागालैंड | 327 | 251 | 2251 | 941 | 3229 | 888 | 2566 | 801 | 2911 | 1021 |
| 26 | ओडिशा | 181974 | 18329 | 338879 | 35557 | 821017 | 337065 | 898167 | 348288 | 1323513 | 758705 |
| 27 | पुडुचेरी | 6868 | 1738 | 11640 | 5084 | 21110 | 6405 | 23240 | 6297 | 25497 | 4331 |
| 28 | पंजाब | 131951 | 32528 | 345910 | 138175 | 824437 | 392256 | 1140074 | 760712 | 1524941 | 1161869 |
| 29 | राजस्थान | 526492 | 103060 | 1100126 | 286834 | 6685251 | 4572315 | 19870336 | 16586071 | 15188298 | 12303117 |
| 30 | सिक्किम | 30 | 30 | 144 | 110 | 402 | 232 | 263 | 126 | 246 | 129 |
| 31 | तमिलनाडु | 2079165 | 88819 | 417845 | 191604 | 840700 | 447536 | 704748 | 355762 | 769962 | 338520 |
| 32 | तेलंगाना | 60103 | 47560 | 372326 | 349902 | 1622035 | 1611677 | 5634105 | 5591849 | 14750839 | 14693814 |
| 33 | त्रिपुरा | 2677 | 382 | 6360 | 1070 | 30126 | 4814 | 50635 | 15724 | 79365 | 42910 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 2917151 | 1171022 | 10685822 | 5551793 | 30114718 | 18698973 | 47350615 | 31644594 | 48137476 | 38487330 |
| 35 | उत्तराखंड | 41700 | 8088 | 45636 | 20882 | 100809 | 67438 | 116672 | 85032 | 98566 | 86813 |
| 36 | पश्चिमी बंगाल | 86618 | 28596 | 248604 | 133736 | 1078663 | 788082 | 1445470 | 1115532 | 1739032 | 1315776 |
| | **कुल योग** | **11151174** | **2548368** | **32665677** | **12788037** | **97619931** | **41926010** | **142815010** | **85342217** | **184969393** | **104526119** |

**उपाबंध-ख**

**'लोक अदालतों के लिए पात्र मामले' के संबंध में पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *313 के भाग (क) से (ग), जिसका उत्तर तारीख 21.03.2025 को दिया जाना है, के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण ।**

**पिछले पांच वर्षों अर्थात् 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 और 2024-25 (दिसंबर, 2024 तक) के दौरान गठित राज्य लोक अदालतों और पीठों में प्राप्त और निपटाए गए मामलों (मुकदमा-पूर्व और लंबित दोनों मामले) की जानकारी वाला विवरण।**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र प्राधिकरण का नाम | 2020-21 | | | 2021-22 | | | 2022-23 | | | 2023-24 | | | 2024-25 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | गठित पीठों की संख्या | प्राप्त मामले | निपटाए गए मामले | गठित पीठों की संख्या | प्राप्त मामले | निपटाए गए मामले | गठित पीठों की संख्या | प्राप्त मामले | निपटाए गए मामले | गठित पीठों की संख्या | प्राप्त मामले | निपटाए गए मामले | गठित पीठों की संख्या | प्राप्त मामले | निपटाए गए मामले |
| 1 | अंदमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | 542 | 90 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 3585 | 52229 | 30461 | 4874 | 19558 | 12123 | 4999 | 16380 | 6720 | 80 | 3511 | 1825 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 6 | 105 | 25 | 24 | 211 | 91 | 1 | 5 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | असम | 6 | 54 | 1 | 136 | 35117 | 13672 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | बिहार | 28 | 15092 | 97 | 1 | 1260 | 6 | 9 | 576 | 574 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | चंडीगढ़ | 26 | 409 | 1 | 69 | 822 | 37 | 30 | 6536 | 538 | 32 | 5455 | 1413 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ | 491 | 10030 | 3475 | 187 | 1511 | 228 | 124 | 1487 | 139 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | दादरा और नागर हवेली | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | दमण और दीव | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 300 | 200453 | 195359 | 250 | 149500 | 147103 | 60 | 15773 | 11094 | 198 | 131178 | 123151 | 184 | 149892 | 142568 |
| 10 | गोवा | 8 | 2284 | 777 | 30 | 1857 | 3209 | 43 | 5094 | 1308 | 13 | 1109 | 245 | 8 | 1969 | 329 |
| 11 | गुजरात | 2851 | 41205 | 21880 | 5157 | 50840 | 15546 | 3805 | 95554 | 19717 | 12 | 11311 | 244 | 2430 | 25518 | 9914 |
| 12 | हरियाणा | 33774 | 87166 | 52789 | 54762 | 183542 | 115797 | 43135 | 420041 | 230018 | 92 | 37733 | 29196 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 90 | 6247 | 3205 | 260 | 73822 | 22031 | 142 | 6798 | 4198 | 59 | 2968 | 2880 | 41 | 1542 | 1507 |
| 14 | जम्मू-कश्मीर | 125 | 13946 | 9469 | 24 | 5191 | 3271 | 225 | 88719 | 76683 | 134 | 31572 | 28170 | 242 | 32853 | 29115 |
| 15 | झारखंड | 607 | 82855 | 79649 | 1310 | 25336 | 22954 | 1523 | 15668 | 10868 | 1495 | 39685 | 33718 | 1032 | 1088707 | 797984 |
| 16 | कर्नाटक | 1912 | 250370 | 121884 | 412 | 5221 | 2524 | 229 | 35802 | 2632 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | केरल | 721 | 17618 | 4837 | 302 | 184575 | 19226 | 607 | 85191 | 23246 | 657 | 108894 | 26231 | 576 | 80102 | 21526 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 4 | 43 | 32 | 4 | 294 | 240 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 32 | 3 | 1 | 2 | 1 | 1 | 4 | 2 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 1714 | 55354 | 14903 | 808 | 17282 | 4110 | 1242 | 14064 | 5367 | 1472 | 60425 | 48996 | 868 | 7873 | 1937 |
| 21 | महाराष्ट्र | 22 | 1092 | 605 | 6 | 45 | 28 | 30 | 2954 | 341 | 38 | 6432 | 580 | 5 | 28 | 1 |
| 22 | मणिपुर | 1 | 32 | 21 | 0 | 0 | 0 | 4 | 91 | 43 | 0 | 0 | 0 | 13 | 331 | 295 |
| 23 | मेघालय | 0 | 0 | 0 | 23 | 619 | 89 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | मिजोरम | 27 | 435 | 147 | 17 | 551 | 204 | 41 | 3855 | 1202 | 12 | 273 | 94 | 48 | 1779 | 524 |
| 25 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | ओडिशा | 239 | 26104 | 4628 | 12 | 1770 | 326 | 6 | 135624 | 112422 | 3 | 284068 | 244230 | 0 | 0 | 0 |
| 27 | पुडुचेरी | 24 | 1208 | 392 | 42 | 4728 | 262 | 47 | 13781 | 743 | 38 | 10770 | 492 | 23 | 8431 | 319 |
| 28 | पंजाब | 0 | 0 | 0 | 339 | 6294 | 1108 | 6 | 20 | 15 | 154 | 6133 | 2268 | 0 | 0 | 0 |
| 29 | राजस्थान | 607 | 85891 | 34514 | 786 | 17182 | 845 | 1202 | 35255 | 1628 | 1086 | 40751 | 1039 | 793 | 25343 | 724 |
| 30 | सिक्किम | 110 | 591 | 158 | 110 | 1590 | 636 | 150 | 1513 | 887 | 143 | 1111 | 784 | 117 | 1098 | 636 |
| 31 | तमिलनाडु | 767 | 49993 | 13117 | 759 | 76747 | 13066 | 1295 | 119811 | 16369 | 1336 | 196315 | 34744 | 452 | 70051 | 6041 |
| 32 | तेलंगाना | 1501 | 27445 | 24327 | 2827 | 9043 | 7363 | 2604 | 32367 | 25365 | 2474 | 177182 | 171817 | 1931 | 78104 | 59122 |
| 33 | त्रिपुरा | 12 | 15132 | 6938 | 93 | 29317 | 11624 | 19 | 8033 | 2492 | 62 | 39021 | 25637 | 35 | 19798 | 13080 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 200 | 172225 | 100305 | 57 | 65708 | 31414 | 30 | 1768325 | 259125 | 172 | 1020023 | 411941 | 225 | 251198 | 116107 |
| 35 | उत्तराखंड | 121 | 18482 | 6166 | 25 | 19190 | 8605 | 125 | 56459 | 26498 | 102 | 37193 | 17407 | 64 | 14610 | 6496 |
| 36 | पश्चिमी बंगाल | 575 | 24812 | 13853 | 774 | 93743 | 74999 | 454 | 17167 | 10830 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल योग** | **50451** | **1259401** | **744073** | **74480** | **1082215** | **532529** | **62194** | **3003269** | **851309** | **9865** | **2253115** | **1207103** | **9088** | **1859231** | **1208227** |

**उपाबंध-ग**

**'लोक अदालतों के लिए पात्र मामले' के संबंध में पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *313 के भाग (क) से (ग), जिसका उत्तर तारीख 21.03.2025 को दिया जाना है, के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण ।**

**पिछले पांच वर्षों अर्थात् 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 और 2024-25 (दिसंबर, 2024 तक) के दौरान स्थायी लोक अदालतों (लोक उपयोगिता सेवाएं) की बैठकों की संख्या, इन बैठकों में प्राप्त मामलों और निपटाए गए मामलों की जानकारी वाला विवरण।**

| क्र. सं. | राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र प्राधिकरण का नाम | 2020-21 | | | 2021-22 | | | 2022-23 | | | 2023-24 | | | 2024-25 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बैठकों की संख्या | प्राप्त मामले | निपटाए गए मामले | बैठकों की संख्या | प्राप्त मामले | निपटाए गए मामले | बैठकों की संख्या | प्राप्त मामले | निपटाए गए मामले | बैठकों की संख्या | प्राप्त मामले | निपटाए गए मामले | बैठकों की संख्या | प्राप्त मामले | निपटाए गए मामले |
| 1 | अंदमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 431 | 1432 | 1283 | 927 | 1107 | 1406 | 1058 | 387 | 558 | 1349 | 1479 | 1134 | 1028 | 1074 | 1171 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | असम | 99 | 35 | 12 | 141 | 114 | 56 | 213 | 66 | 56 | 195 | 133 | 97 | 121 | 43 | 24 |
| 5 | बिहार | 977 | 363 | 203 | 482 | 419 | 221 | 313 | 235 | 157 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | चंडीगढ़ | 246 | 233 | 108 | 240 | 1121 | 687 | 241 | 7563 | 10945 | 239 | 11322 | 11511 | 184 | 7848 | 7871 |
| 7 | छत्तीसगढ | 346 | 126 | 32 | 1045 | 1303 | 1199 | 1224 | 2003 | 2028 | 1174 | 6899 | 6749 | 844 | 12349 | 12442 |
| 8 | दादरा और नागर हवेली | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | दमण और दीव | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 532 | 13883 | 14765 | 791 | 17451 | 17395 | 773 | 18288 | 18682 | 781 | 19682 | 19337 | 582 | 16134 | 15947 |
| 10 | गोवा | 24 | 424 | 30 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 479 | 53 |
| 11 | गुजरात | 1 | 105 | 105 | 9 | 846 | 2238 | 1 | 8 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | हरियाणा | 3413 | 10848 | 9654 | 3547 | 31843 | 30960 | 3416 | 70102 | 72440 | 3659 | 101318 | 107362 | 2706 | 56319 | 56946 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 6 | 16 | 10 | 9 | 11 | 11 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | जम्मू-कश्मीर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | झारखंड | 3554 | 22018 | 1943 | 5144 | 19530 | 32514 | 6216 | 30114 | 26154 | 5826 | 29779 | 35715 | 4243 | 28194 | 26504 |
| 16 | कर्नाटक | 1069 | 2093 | 3869 | 1292 | 3181 | 5371 | 904 | 7338 | 4588 | 603 | 4709 | 4190 | 1017 | 4338 | 6269 |
| 17 | केरल | 336 | 4166 | 248 | 212 | 5824 | 1104 | 226 | 369 | 2564 | 415 | 262 | 1527 | 271 | 297 | 407 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 455 | 820 | 270 | 886 | 1510 | 574 | 1176 | 514 | 608 | 1071 | 264 | 409 | 683 | 175 | 251 |
| 21 | महाराष्ट्र | 541 | 129 | 249 | 918 | 642 | 765 | 1017 | 1370 | 1208 | 1023 | 779 | 485 | 744 | 710 | 1050 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | मेघालय | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | मिजोरम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | ओडिशा | 583 | 1867 | 1350 | 742 | 1270 | 1561 | 753 | 1358 | 1612 | 1041 | 1344 | 1891 | 863 | 1720 | 1374 |
| 27 | पुडुचेरी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 28 | पंजाब | 2868 | 3627 | 3987 | 4538 | 9023 | 9967 | 4902 | 12907 | 14545 | 4969 | 21521 | 20279 | 3738 | 16272 | 15924 |
| 29 | राजस्थान | 1123 | 2968 | 806 | 2960 | 4665 | 3228 | 4435 | 4804 | 5072 | 4230 | 5382 | 5799 | 3862 | 4007 | 3575 |
| 30 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **31** | **तमिलनाडु** | **236** | **165** | **80** | **671** | **421** | **272** | **1121** | **597** | **528** | **1119** | **439** | **427** | **787** | **358** | **339** |
| 32 | तेलंगाना | 66 | 2498 | 549 | 108 | 8789 | 6674 | 118 | 14101 | 7540 | 104 | 12136 | 12746 | 57 | 7193 | 9172 |
| 33 | त्रिपुरा | 1 | 20 | 0 | 44 | 118 | 81 | 70 | 165 | 162 | 97 | 152 | 157 | 85 | 176 | 154 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 2714 | 0 | 383 | 3961 | 2974 | 1087 | 3720 | 2637 | 1173 | 4476 | 2713 | 2516 | 2794 | 1410 | 1348 |
| 35 | उत्तराखंड | 156 | 1145 | 522 | 484 | 3234 | 765 | 590 | 832 | 510 | 649 | 411 | 432 | 535 | 481 | 456 |
| 36 | पश्चिमी बंगाल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल योग** | **19777** | **68981** | **40458** | **29153** | **115396** | **118136** | **32487** | **175758** | **171138** | **33020** | **220724** | **232763** | **25148** | **159577** | **161277** |

****************